संख्या-- 1767 /69-1-12-74(बजट)/2009

प्रेषक,

शिव शंकर सिंह
विशेष सचिव,
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

निदेशक,
राज्य नगरीय विकास अभिकरण,
उ0प्र0, लखनऊ।

नगरीय रोजगार एवं गरीबी
उन्मूलन कार्यक्रम विभाग।

लखनऊ : दिनांक : 27 नवम्बर, 2012

विषय : जे0एन0एन0यू0आर0एम0 कार्यक्रम के उपघटक बी0एस0यू0पी0 योजनान्तर्गत जनपद--इलाहाबाद की तीन परियोजनाओं व जनपद--मथुरा की एक परियोजना की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक आपके पत्र संख्या--338/76/एक/बीएसयूपी/2011--12, दिनांक 16 मई, 2012, पत्र संख्या--324/76/एक/बीएसयूपी/2011--12, दिनांक 16 मई, 2012, पत्र संख्या--330/76/एक/बीएसयूपी/2011--12, दिनांक 16 मई, 2012 व पत्र संख्या--327/76/एक/बीएसयूपी/2011--12, दिनांक 16 मई, 2012 के संदर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि जे0एन0एन0यू0आर0एम0 कार्यक्रम के उपघटक बी0एस0यू0पी0 योजनान्तर्गत **सामान्य वर्ग के लाभार्थियों हेतु** जनपद--इलाहाबाद की नगर निकाय की क्रमशः 483 आवासों के सापेक्ष 45 आवासों व 244 आवासों के सापेक्ष 155 आवासों, निकाय--नैनी की 233 आवासों के सापेक्ष 72 आवासों की तीन परियोजनाओं एवं जनपद--मथुरा की निकाय--लक्ष्मीनगर की 608 आवासों के सापेक्ष 112 आवासों की 01 परियोजना, अर्थात् कुल 04 परियोजनाओं हेतु क्रमशः रू0 961.78 लाख, रू0 228.21 लाख, रू0 218.38 लाख व रू0 693.13 लाख की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति, श्री राज्यपाल महोदय निम्नलिखित शर्तों एवं प्रतिबन्धों के अधीन सहर्ष प्रदान करते हैं:--

I. योजनान्तर्गत भारत सरकार द्वारा लगाई गई शर्तों एवं प्रतिबन्धों का पूर्णतयाः पालन किया जायेगा।

II. प्रायोजना अन्तर्गत प्रस्तावित कार्यो की द्विरावृत्ति (डुप्लीकेसी) को रोकने के दृष्टि से यह सुनिश्चित किया जायेगा कि ये कार्य पूर्व में किसी अन्य योजना/कार्यक्रम के अन्तर्गत न तो स्वीकृत है और न वर्तमान में किसी अन्य योजना/कार्यक्रम में आच्छादित किया जाना प्रस्तावित है।

2. यह आदेश वित्त विभाग की अशासकीय संख्या--ई--8--1864/दस--12, दिनांक 22 नवम्बर, 2012 में प्राप्त उनकी सहमति से जारी किये जा रहे हैं।

भवदीय,

शिव शंकर सिंह
विशेष सचिव।

497/AD
श्री योगेश (APO)
कृपया website पर प्रदर्शित करें
अपर निदेशक
27/11/12

संख्या-- 1767 (1)/69--1--12--74(बजट)/2009, तद्दिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :--

1. महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) प्रथम, उ0प्र0, 20 सरोजनी नायडू मार्ग, इलाहाबाद।
2. निदेशक, स्थानीय निधि, कमला नेहरू मार्ग, इलाहाबाद।
3. जिलाधिकारी/अध्यक्ष, जिला नगरीय विकास अभिकरण, इलाहाबाद/मथुरा।
4. वित्त संसाधन (केन्द्रीय सहायता) अनुभाग--1, उ0प्र0 शासन।
5. वित्त (आय--व्ययक) अनुभाग--2, उ0प्र0 शासन/वित्त (व्यय--नियंत्रण) अनुभाग--8, उ0प्र0 शासन।
6. नियोजन अनुभाग--4/नगर विकास (कम्प्यूटर कक्ष), को वेब साइट पर अपलोड करने हेतु।
7. मुख्य कोषाधिकारी, जवाहर भवन, लखनऊ।
8. वित्त नियंत्रक, राज्य नगरीय विकास अभिकरण, उ0प्र0, लखनऊ।
9. सहायक वेब मास्टर/संयुक्त निदेशक, सूडा को विभागीय वेब साइट पर अपलोड कराने हेतु।
10. गार्ड फाइल/बजट समन्वयक/कम्प्यूटर सहायक।

आज्ञा से,

(आर0पी0 सिंह)
उपसचिव।

D:\BSUP PROJECT\G.O.BSUP.doc